**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना**

पत्रांक- 1/WRD-IT/Estb/03/2022 Part- II 199

प्रेषक

ई० ब्रजेश मोहन,
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय,
जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन, पटना।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग, बिहार ।

पटना/ दिनांक 11/8/2026

विषय: - विभिन्न कार्यालयों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं X (टिवटर) पर आधिकारिक प्रोफाइल के सृजन तथा सरकार के कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचनाओं के सक्रिय प्रसार के संबंध में ।

प्रसंग:- सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार का पत्रांक 1440 दिनांक 06-08-2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की प्रति संलग्न करते हुए निदेशित किया जाता है कि पत्र में उल्लेखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

अनु०- यथोक्त।

विश्वासभाजन,

11/8/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक :- 199 दिनांक:- 11/8/2026

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

11/8/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

Received through Mail Dt 07.08.26 (200)

**बिहार सरकार**
**सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग**

पत्रांक– SP-02/2026 ......1440...... सू०ज०स०वि०, पटना, दिनांक–...06/08/26...

प्रेषक,

**मुख्य सचिव,**
**बिहार।**

सेवा में,

विकास आयुक्त, बिहार,
सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव
सभी विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी, बिहार।

**विषयः–** **विभिन्न कार्यालयों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म–फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं X (ट्विटर) पर आधिकारिक प्रोफाइल के सृजन तथा सरकार के कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचनाओं के सक्रिय प्रसार के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार द्वारा जनहित एवं समावेशी विकास के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी आमजन तक समयबद्ध, प्रभावी एवं व्यापक रूप से पहुंचाने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है।

आपके विभाग तथा उसके अधीनस्थ सभी कार्यालयों एवं निदेशालयों में फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं X (ट्विटर) के आधिकारिक सोशल मीडिया प्रोफाइल की उपलब्धता की समीक्षा की जाए। जिन कार्यालयों के आधिकारिक सोशल मीडिया प्रोफाइल पूर्व से सृजित हैं, उन्हें नियमित रूप से अद्यतन करते हुए सक्रिय रखा जाए। जिन कार्यालयों के आधिकारिक प्रोफाइल अब तक सृजित नहीं किए गए हैं, वहां उन्हें यथाशीघ्र सृजित कर सक्रिय किया जाए।

इन आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से राज्य सरकार के कार्यक्रमों, नीतिगत पहलों, विकासात्मक गतिविधियों, उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रामाणिक एवं उपयोगी सूचनाओं का नियमित रूप से प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग तथा अन्य संबंधित सरकारी सोशल मीडिया हैंडल से प्रसारित महत्वपूर्ण जनोपयोगी सामग्री को भी आवश्यकतानुसार साझा एवं व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए।

उक्त निर्देशों का अनुपालन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

**(प्रत्यय अमृत)**
**मुख्य सचिव, बिहार।**

CE (Mon)
All SE
PRO
EE-2
IT Manager

सचिव
जल संसाधन विभाग
डायरी सं० 7210
दिनांक 07/08/26

डायरी सं० 5891
दिनांक 10.08.26

योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1
डायरी सं० 3629
दिनांक 10/8/26